# प्रश्न बैंक

सत्र - 2022-23

## विषय—हिंदी

## कक्षा — तीसरी



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

## प्रकाशन वर्ष 2022–23

**संरक्षक**

राजेश सिंह राणा 'IAS'
संचालक, SCERT

**मार्गदर्शक**

डॉ.योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक, SCERT,
डॉ.निशी भाम्बरी संयुक्त संचालक, SCERT

**संयोजक**

श्रीमती दिव्या क्लारेट लकरा, प्राध्यापक
श्रीमती कौशिल्या खुटे, श्रीमती लीना नेमपांडे

**विशेष सहयोग**

डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

**विषय विशेषज्ञ**

डॉ.जयभारती चन्द्राकर

**लेखन**

अंकिता तिवारी

**टंकण**

लीना साहू

**आवरण**

सुधीर कुमार वैष्णव

---

**प्रकाशक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़
शंकर नगर, रायपुर

# आमुख

वर्तमान में शालाओं में आकलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली बनाने तथा शिक्षकों और छात्रों में विषयों की समझ को अधिक विकसित करने से लिए अच्छे प्रश्नों का निर्माण होना आवश्यक है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए SCERT द्वारा पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया है। प्रश्न बैंक के माध्यम से शिक्षण अधिगम संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति की जा सकती है। शिक्षक इसका उपयोग पढ़ाने, परीक्षा लेने तथा छात्र स्वआकलन के लिए कर सकते है।

बच्चों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। इसी आधार पर कक्षा 1 से 8 के लिए कक्षावार विषयवार प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया। निर्मित **’प्रश्न बैंक’** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं, प्रश्नों को वस्तुनिष्ठ, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय क्रम में रखा गया।

सृजित **’प्रश्न बैंक’** में समाहित प्रश्न ज्ञानात्मक, समझ, अनुप्रयोग, विशलेषण आधारित है एवं विद्यार्थियों के स्तरानुरूप हैं। यह **’प्रश्न बैंक’** अध्ययन अध्यापन में अन्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके द्वारा विद्यार्थियों के अपेक्षित कौशलों के विकास को जांचा-परखा जा सकेगा और पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को समझने के सरलता होगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **’प्रश्न बैंक’** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय-वस्तु की समझ विकसित होगी। शिक्षकों को यह ’प्रश्न बैंक’ विषयवस्तु को सरल एवं विकसित करने में उनकी मदद करेगा।

यह **’प्रश्न बैंक’** शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उपयोगी है शिक्षकों से आग्रह है कि ’प्रश्न बैंक’ का अध्ययन कर इनकी उपयोगिता सुनिश्चित करें।

**संचालक**

**एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर**

## अनुक्रमणिका


| पाठ | पाठ का नाम | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | सीखो | 1 - 3 |
| 2 | सच्चा बालक | 4 - 5 |
| 3 | मुसवा रइथे जी (छत्तीसगढ़ी) | 6 - 8 |
| 4 | बंदर बाँट | 9 - 10 |
| 5 | मीठे बोल | 11 - 13 |
| 6 | कबूतर और मुधुमक्खियाँ | 14 - 15 |
| 7 | चाँद का कुरता | 16 - 18 |
| 8 | चलव खेलबो (छत्तीसगढ़ी) | 19 - 22 |
| 9 | आदिमानव | 23 - 24 |
| 10 | चुहिया की शादी | 25 - 27 |
| 11 | दादा जी | 28 - 29 |
| 12 | हाथी | 30 - 32 |
| 13 | होनहार लइका नरेन्द्र (छत्तीसगढ़ी) | 33 - 35 |
| 14 | कौन जीता | 36 - 37 |
| 15 | मैं हूँ महानदी | 38 - 40 |
| 16 | अगर पेड़ भी चलते होते | 41 - 42 |
| 17 | सतवन्तिन गाय बहुला (छत्तीसगढ़ी) | 43 - 46 |
| 18 | जंगल में स्कूल | 47 - 48 |
| 19 | तेल का गिलास | 49 - 50 |
| 20 | अब बतलाओ | 51 |
| 21 | मैत्रीबाग (छत्तीसगढ़ी) | 52 - 56 |
| 22 | क्या तुम मेरी अम्मा हो | 57 - 58 |
| 23 | कविता का कमाल | 59 - 60 |
| 24 | बालसभा | 61 - 62 |

# पाठ - 1

# सीखो

सही उत्तर चुनकर लिखें -

प्रश्न 1 - फूल का समान अर्थ वाला शब्द है -

(अ) तरू (ब) पेड़ (स) डाली (द) सुमन

उत्तर - (द) सुमन

प्रश्न 2 - शीश झुकाना हम सीखते हैं -

(अ) झुकी डाली से (ब) डाली से (स) वृक्ष से (द) पतझड़ से

उत्तर - (अ) झुकी डाली से

प्रश्न 3 - हवा के झोकों से तुम सीखते हो -

(अ) कोमल भाव बहाना (ब) शीश झुकाना

(स) गले लगाना (द) तड़फकर मरना

उत्तर - (अ) कोमल भाव बहाना

प्रश्न 4 - जगना और जगाना हम सीखते हैं -

(अ) फूलों से (ब) सूरज की किरणों से

(स) मछली से (द) पतझड़ के पेड़ों से

उत्तर - (ब) सूरज की किरणों से

प्रश्न 5 - मछली हमें क्या सीख देती है ?

उत्तर - मछली हमें स्वदेश के लिए तड़फ-तड़फ कर मरने की सीख देती है।

प्रश्न 6- नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखो -

पतझड़, हरना

उत्तर - पतझड़ - पत्तों का झड़ना

हरना - दूर करना

प्रश्न 7 - दीपक दिन-रात जलकर हमें क्या सिखाता है?

उत्तर - दीपक दिन-रात जलकर हमें अंधेरे को दूर करना सिखाता है।

प्रश्न 8 - दीपक हमें प्रकाश देता है, ये चीजें हमें क्या देती हैं?

मधुमक्खी, पेड़, बादल

उत्तर - मधुमक्खी - शहद

पेड़ - हवा, फल

बादल - पानी

प्रश्न 9 - तुम्हें घर के किन कामों को करने में मजा आता है? (कोई तीन काम)

उत्तर- बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न 10 - समान अर्थ वाले शब्दों की जोड़ी बनाकर लिखो -

| | | |
|---|---|---|
| सुमन | - | पृथ्वी |
| वृक्ष | - | सूरज |
| वायु | - | फूल |
| रवि | - | पवन |
| धरा | - | तरू |

उत्तर -

| | | |
|---|---|---|
| सुमन | - | फूल |
| वृक्ष | - | तरू |
| वायु | - | पवन |
| रवि | - | सूरज |
| धरा | - | पृथ्वी |

प्रश्न 11- उन पंक्ति (लाइन) को लिखो जिनसे हम ये बातें सीखते हैं। (कोई पाँच)

(क) दूध और पानी की तरह मिल-जुलकर रहना।

(ख) हमेशा खुश रहना और गाना गाना।

(ग) पतझड़ के पेड़ से हम दु:ख में धैर्य रखना सीखते हैं।

(घ) पृथ्वी हमें प्राणी की सच्ची सेवा करना सिखाती है।

(ड.) जीवन में आगे बढ़ने की सीख जलधारा देती है।

(च) धुआँ हमें हरदम ऊँचाई की ओर बढ़ना सिखाता है।

उत्तर - (क) दूध तथा पानी से सीखो, मिलना और मिलाना।।

(ख) फूलों से नित हंस ना सीखो, भौरों से नित गाना।

(ग) पतझड़ के पेड़ों से सीखो, दु:ख में धीरज रखना।।

(घ) पृथ्वी से सीखो प्राणी की, सच्ची सेवा करना।।

(ड.) जलधारा से सीखो, आगे
जीवन-पथ में बढ़ना।

(च) और धुएँ से सीखो हरदम
ऊँचे पर ही चढ़ना।।

प्रश्न 12 - यदि ऐसा हो तो क्या होगा?

(क) हवा न बहे।

उत्तर - हम साँस नहीं ले पाएंगे ।

(ख) सूरज न उगे।

उत्तर - दिन नहीं निकलेगा।

(ग) दीप जलकर रोशनी न करे।

उत्तर - अंधेरा दूर नहीं होगा।

प्रश्न 13 - अपनी पसंद का चित्र बनाओ और रंग भरो। (कोई दो)

उत्तर - बच्चे स्वयं करेंगे ।

## पाठ - 2
## सच्चा बालक

सही उत्तर चुनकर लिखें -

प्रश्न 1 - 'सच्चा बालक' पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

(अ) सच बोलने की (ब) झूठ बोलने की

(स) चुप रहने की (द) जागने की

उत्तर - (अ) सच बोलने की

प्रश्न 2 - गुरूजी कौन-सा विषय पढ़ा रहे थे?

(अ) हिंदी (ब) गणित (स) पर्यावरण (द) अंग्रेजी

उत्तर - (ब) गणित

प्रश्न 3 - गणित का प्रश्न किसने हल किया?

(अ) स्वयं ने (ब) बड़े भाई ने (स) छोटे भाई ने (द) मित्र ने

उत्तर - (ब) बड़े भाई ने

प्रश्न 4 - झूठी प्रशंसा सुनकर किसे दु:ख हुआ?

(अ) गुरूजी को (ब) बच्चों को

(स) गोपाल को (द) बड़े भाई को

उत्तर - (स) गोपाल को

प्रश्न 5 - हृदय गदगद होने का अर्थ क्या है?

(अ) बहुत अधिक दु:खी होना (ब) बहुत अधिक प्रसन्न होना

(स) बहुत अधिक रोना (द) बहुत अधिक परेशान होना

उत्तर - (ब) बुहत अधिक प्रसन्न होना

प्रश्न 6 - गुरूजी से अपनी प्रशंसा सुनकर गोपाल दु:खी क्यों हुआ?

उत्तर - गोपाल अपनी झूठी प्रशंसा नहीं सुन सका इसलिए वह दु:खी हुआ।

प्रश्न 7 - गोपाल को सच्चा बालक क्यों कहा गया?

उत्तर - गोपाल ने यह स्वीकार किया था कि गणित का सवाल उसने हल नहीं किया है बल्कि उसके बड़े भाई ने हल किया है। सच बोलने के कारण गोपाल को सच्चा बालक कहा गया।

प्रश्न 8 - गोपाल की जगह तुम होते तो क्या करते?

उत्तर - बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न 9 - अपनी प्रशंसा सुनकर सभी बच्चे खुश होते हैं । बच्चे तुम इस बारे में क्या सोचते हो?

उत्तर - हाँ, हम बच्चे अपनी प्रशंसा सुनकर खुश होते हैं।

प्रश्न 10 - इन वाक्यों को पाठ के अनुसार क्रम से लिखो।

(क) गुरूजी ने गोपाल की बात सुनी तो उनका हृदय गदगद हो गया।

(ख) अपनी प्रशंसा सुनकर सभी खुश होते हैं।

(ग) प्रश्न का उत्तर ठीक था।

(घ) देश को स्वतंत्र कराने में गोखले जी का बहुत बड़ा योगदान रहा।

(ड.) सब बच्चे अपने-अपने घर चले गए।

उत्तर - 1. (ड.) 2. (ग) 3. (ख) 4. (क) 5. (घ)

प्रश्न 11 - पढ़ो, समझो और छाँटकर अलग-अलग लिखो।

क्रम, ग्रह, दर्शक, कर्म, सब्र, प्रकाश, धैर्य, प्रकार, नम्र, गर्म

उत्तर - रेफ वाले शब्द - दर्शक, कर्म, धैर्य, गर्म

पदेन/रकार वाले शब्द - क्रम, ग्रह, सब्र, प्रकाश, प्रकार, नम्र

प्रश्न 12 - संज्ञा किसे कहते हैं?

उत्तर - वस्तु, व्यक्ति, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

प्रश्न 13 - 'ज्यों-ज्यों' जैसे शब्दों की आवृत्ति वाले तीन शब्द लिखो।

उत्तर - त्यों-त्यों, जल्दी-जल्दी, अपना-अपना आदि।

प्रश्न 14 - निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो। (कोई तीन)

प्रशंसा, गुरूजी, देश, सपूत, योगदान

उत्तर - बच्चे स्वयं करें ।

# पाठ - 3

## मुसवा रइथे जी (छत्तीसगढ़ी)

सही उत्तर चुनकर लिखें -

प्रश्न 1 - घोंसला म कोन रहिथे ?

(क) मुसवा (ख) चिरई (ग) केकरा (घ) मेंचका

उत्तर- (ख) चिरई

प्रश्न 2 - माटी म कोन रहिथे ?

(क) गेंगरवा (ख) मिठ्टू (ग) मछरी (घ) गइया

उत्तर- (क) गेंगरवा

प्रश्न 3 - पानी म कोन तऊँरत रहिथे ?

(क) कुकुर (ख) हाथी (ग) मछरी (घ) गइया

उत्तर- (ग) मछरी

प्रश्न 4 - बेन्दरा केती रहिथे ?

(क) मांद (ख) रुख के डारा म (ग) खोंधरा म (घ) पहार म

उत्तर- (ख) रुख के डारा म

प्रश्न 5 पानी अउ भुइयाँ दुनों म कोन रहिथे ?

(क) मेंचका (ख) मछरी (ग) बेन्दरा (घ) कउँवा

उत्तर- (क) मेंचका

प्रश्न 6 - फोटू म देय गेय चिरई-चिरगुन अउ जानवर के नाव हिंदी भाषा म लिखव ।







उत्तर - लइका मन स्वयं लिखही ।

प्रश्न 7 - खाल्हे लिखाय जीव-जन्तु मन के रेहे के ठउर के नाव हिंदी भाषा म लिखव ?

(क) चिरई (ख) गैंगरवा (ग) मुसवा (घ) भइंस

उत्तर - लइका मन स्वयं लिखही ।

प्रश्न 8 - खाल्हे लिखाय जानवर मन के नाव छत्तीसगढ़ी भाषा म लिखव ?

(क) गाय (ख) बकरी (ग) भालू (घ) सियार (ड.) बंदर

उत्तर - लइका मन स्वयं ले लिखही ।

प्रश्न 9 - दु ठन पालतू पशु के नाव बतावव अउ ओखर बारे म दु ठन वाक्य लिखव ?

उत्तर - लइका मन स्वयं लिखही ।

प्रश्न 10 - अपन पसंद के कोनो चिरई-चिरगुन के चित्र बनावव ?

उत्तर - लइका मन स्वयं बनाही ।

प्रश्न 11 - जोड़ी मिलावव -

| क | ख |
|---|---|
| 1. पिंजरा | बघवा |
| 2. कोठा | मछरी |
| 3. मांद | मुसवा |
| 4. पानी | मिठ्टू |
| 5. बिल | गइया |

उत्तर -

| क | ख |
|---|---|
| 1. पिंजरा | मिठ्टू |
| 2. कोठा | गइया |
| 3. मांद | बघवा |
| 4. पानी | मछरी |
| 5. बिल | मुसवा |

प्रश्न 12 - खाली स्थान म सही शब्द छाँट के लिखव -

(क) मछरी .................................. । (उड़त हे/तऊँरत हे)

(ख) चाँटी .........................................। (रेंगथे/उड़थे)

(ग) कुकुर ..........................................। (तऊँरथे/भुकथे)

उत्तर- (क) तऊँरत हे (ख) रेंगथे (ग) भुकथे

प्रश्न 13 - पढ़व, चिह्नव अउ सबले अलग ल छाँट के लिखव -

(क) बघवा, कउँवा, हाथी, कोलिहा

(ख) खोंधरा, बिला, जलेबी, पिंजरा

(ग) रेरा चिरइ, मिटठू, कोइली, केकरा

(घ) बेंदरा, मछरी, केछवा, मेचका

उत्तर - (क) कउँवा (ख) जलेबी (ग) केकरा (घ) बेंदरा

प्रश्न 14 - प्रश्न मन के उत्तर लिखव ?

(क) कउँवा कहाँ रइथे ?

उत्तर- कउँवा खोंधरा म रइथे।

(ख) बिला म कोन-कोन रइथे ?

उत्तर- मुसवा, केकरा बिला म रइथे।

(ग) कोन जीव ह पानी अउ भुइयाँ दूनों जघा म रइथे ?

उत्तर- मेचका ह पानी अउ भुइँया दूनो जघा म रइथे।

(घ) गरूवा मन कहाँ बँधाथे ?

उत्तर- गरूवा मन कोठा म बँधाथे।

(ङ.) पानी म रहइया जीव-जंतु के नाँव लिखव ?

उत्तर- केछवा, मछली ।

प्रश्न 14 - खाल्हे म लिखाय शब्द मन के अर्थ हिन्दी म लिखव -

सुग्घर, बिला, मुसवा, केकरा, कुरिया

उत्तर- सुग्घर - सुंदर, केकरा- केंकड़ा

बिला - बिल, कुरिया- कमरा

मुसवा - चूहा

## पाठ - 4

## बंदर बाँट

सही उत्तर चुनकर लिखें -

प्रश्न 1 - बंदर बाँट पाठ में पात्रों की संख्या कितनी है?

(अ) 2　　(ब) 3　　(स) 4　　(द) 5

उत्तर - (ब) 3

प्रश्न 2 - 'महक' शब्द का अर्थ है -

(अ) सुगंध　　(ब) बदबू　　(स) दुर्गंध　　(द) अच्छा

उत्तर - (अ) सुगंध

प्रश्न 3 - कचहरी चलने की बात कौन कहता है?

(अ) काली बिल्ली　　(ब) सफेद बिल्ली

(स) बंदर　　(द) काला, सफ़ेद बिल्ली

उत्तर - (स) बंदर

प्रश्न 4 - बंदर किस वस्तु का बँटवारा करता है?

(अ) रोटी　　(ब) फल　　(स) मिठाई　　(द) चना

उत्तर - (अ) रोटी

प्रश्न 5 - नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखो?

1. हक　　2. हड़पना　　3. धरमकाँटा

उत्तर -
1. हक - अधिकार
2. हड़पना - दूसरे की वस्तु को अनुचित रूप से ले लेना
3. धरमकाँटा - तराजू का पलड़ा

प्रश्न 6 - नीचे लिखे वाक्यों में से जो वाक्य सही हो उनके सामने 'सत्य' और जो गलत हो उनके सामने असत्य लिखो -

(क) पहले सफेद बिल्ली कहती है कि उसे रोटी की महक आती है।

(ख) दोनों बिल्लियाँ मेज पर बैठ जाती है।

(ग) बंदर के पास धरमकाँटा था।

(घ) काली बिल्ली रोटी खा जाती है।

(ड.) आपस में झगड़ा करने से हाथ में कुछ नहीं आता।

उत्तर - (क) सत्य (ख) असत्य (ग) सत्य (घ) असत्य (ड.) सत्य

प्रश्न 7 - 'बंदर बाँट' नाटक का कोई दूसरा नाम बताओ ।

उत्तर - बंदर की चालाकी, बिल्लियों का झगड़ा, आदि नाम इस नाटक का रखेंगे।

प्रश्न 8 - बिल्लियाँ यदि बंदर से फैसला कराने से मना कर देती तो क्या होता?

उत्तर - बिल्लियाँ यदि बंदर से फैसला कराने से मना कर देती तो कुछ देर लड़ती और आपसी समझ से रोटी आधी-आधी खा लेती।

प्रश्न 9 - नीचे लिखे शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो -

महक, हक

उत्तर - महक - आम की महक आ रही है।

हक - बिल्ली का हक चूहे पर है।

प्रश्न 10 - नीचे दिए गए वाक्यों को एक वाक्य में लिखो -

1. कालू ने आम लिया। फिर वह भागा।
2. कचहरी चलो। मैं वहाँ न्याय करूँगा।

उत्तर - 1. कालू आम लेकर भागा।
2. कचहरी चलकर मैं न्याय करूँगा।

प्रश्न 11 - जब तुम अपने भाई/बहन/दोस्त से झगड़ा करते हो तो तुम्हारा फैसला कौन करता है?

उत्तर - बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे ।

## पाठ - 5

## मीठे बोल

सही उत्तर चुनकर लिखें -

प्रश्न 1 - हमारे स्वभाव का पता कैसे चलता है?

(अ) रहन-सहन से (ब) बोलचाल से

(स) पहनावे से (द) शारीरिक गठन से

उत्तर - (ब) बोलचाल से

प्रश्न 2 - संसार की सबसे महत्वपूर्ण चीज कौन-सी है?

(अ) मीठे लड्डू (ब) मीठे बोल (स) मीठे पेड़े (द) मीठे फल

उत्तर - (ब) मीठे बोल

प्रश्न 3 - जलेबी का स्वाद कैसा है?

(अ) मीठा (ब) कड़वा (स) नमकीन (द) कसैला

उत्तर - (अ) मीठा

प्रश्न 4 - इनमें से मिठाई कौन सी है?

(अ) आम (ब) संतरा (स) खाजा (द) सेब

उत्तर - (स) खाजा

प्रश्न 5 - मीठे बोल का क्या अर्थ है?

(अ) प्रिय बोलना (ब) जोर-जोर से बोलना

(स) हंस कर बोलना (द) डाँटकर बोलना

उत्तर - (अ) प्रिय बोलना

प्रश्न 6 - पहचानकर गोला लगाओ कि इनमें सबसे अलग कौन है?

1. सूर्य, तारे, चिड़िया, चाँद
2. रसगुल्ला, पेड़ा, जलेबी, खीर
3. संतरा, सेब, केला, गोभी
4. गिलास, कार, स्कूटर, साइकिल
5. गुलाब, चमेली, गेंदा, आम

उत्तर - 1. चिड़िया 2. खीर 3. गोभी 4. गिलास 5. आम

प्रश्न 7 - कौआ की बोली तुम्हें अच्छी क्यों नहीं लगती है?

उत्तर - कौआ की बोली कर्कस होती है इसलिए हमें अच्छी नहीं लगती है।

प्रश्न 8 - कौआ और कोयल की बोली में अंतर बताओ?

उत्तर - कौआ की बोली कर्कस होती है और कोयल की बोली मीठी होती है ।

प्रश्न 9 - हमें मीठे बोल क्यों बोलना चाहिए?

उत्तर - लोगों के मन को जीतने के लिए हमें मीठे बोल बोलना चाहिए।

प्रश्न 10 - अनमोल का क्या अर्थ है?

उत्तर - अनमोल का अर्थ है जिसकी कीमत न आँकी जा सके।

प्रश्न 11 - 'क' और 'ख' में से अधूरी पंक्ति लेकर कविता की पंक्ति को पूरा करके लिखो -

| 'क' | | 'ख' |
|---|---|---|
| 1. सबसे मीठे | - | मीठा खाजा |
| 2. मीठा होना | - | कुल्फी न्यारी |
| 3. मीठी होती | - | लड्डू गोल |
| 4. मीठे होते | - | मीठे बोल |
| 5. मीठा पेड़ा | - | गुलगुल भजिया |

उत्तर- 1. मीठे बोल 2. गुलगुल भजिया 3. कुल्फी न्यारी 4. लड्डू गोल 5. मीठा खाजा

प्रश्न 12 - अपने पसंद की तीन मीठे फलों के नाम लिखो?

उत्तर - बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे ।

प्रश्न 13 - नीचे दिए गए शब्दों से मिलते-जुलते तुकवाले एक-एक शब्द लिखो-

(क) न्यारे (ख) ताजा (ग) गोल (घ) प्यारी (ड.) बढ़िया

उत्तर - (क) प्यारे (ख) खाजा (ग) पोल (घ) न्यारी (ड.) गढ़िया

प्रश्न 14 - नीचे दिए गए शब्दों के विपरीत अर्थ वाले शब्द लिखो -

(अ) मीठा (ख) पके (ग) गरम

उत्तर - (अ) कड़ुवा (ख) कच्चे (ग) ठंडा

प्रश्न 15 - नीचे दिए गए वर्णों में से पाँच शब्द बनाकर लिखो?

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | के | सं | म | सी | फ | ला | ता | त | ल | रा |

उत्तर - 1. सीताफल 2. संतरा 3. आम 4. ताला 5. सीता

## पाठ - 6

## कबूतर और मधुमक्खियाँ

सही उत्तर चुनकर लिखें -

प्रश्न 1 - मधुमक्खियाँ कहाँ रहती है?

(अ) पेड़ में (ब) पत्तों में (स) छत्तों में (द) पानी में

उत्तर - (स) छत्तों में

प्रश्न 2 - रानी मधुमक्खी कहाँ गिर गई?

(अ) सड़क पर (ब) नदी में (स) तालाब में (द) पेड़ पर

उत्तर - (ब) नदी में

प्रश्न 3 - रानी मधुमक्खी को किसने बचाया?

(अ) कबूतर ने (ब) शिकारी ने (स) मक्खी ने (द) रानी ने

उत्तर - (अ) कबूतर ने

प्रश्न 4 - प्रयत्न शब्द का क्या अर्थ है?

(अ) प्रयास (ब) प्रसन्न (स) प्रतीक्षा (द) प्रतिस्पर्धा

उत्तर - (अ) प्रयास

प्रश्न 5 - कबूतर क्यों डर गया था?

उत्तर - शिकारी को चिड़ियों का शिकार करता देखकर कबूतर डर गया था।

प्रश्न 6 - मधुमक्खियों ने कबूतर को कैसे बचाया?

उत्तर- शिकारी ने जब कबूतर पर निशाना साधा तो कई मधु मक्खियों ने एक साथ शिकारी पर झपट पड़ी और कई जगह शिकारी को काट लिया। इस प्रकार से उन्होंने कबूतर को बचा लिया।

प्रश्न 7 - यदि कबूतर मधुमक्खी की सहायता न करता तो क्या होता?

उत्तर - यदि कबूतर मधुमक्खी की सहायता न करता तो वह नदी में डूब जाती।

प्रश्न 8 - शिकार करने के बारे में तुम क्या सोचते हो?

उत्तर - शिकार करना अच्छी बात नहीं है। जीवों को नहीं मारना चाहिए।

प्रश्न 9 - निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्यों के खाली स्थान को भरो।

(भिनभिना, खटखटा, गड़गड़ा)

(क) मेहमान दरवाजा ................. रहा था।

(ख) मक्खियाँ मिठाई पर ................ रही थी।

(ग) बादल ................ रहे हैं।

उत्तर - (क) खटखटा (ब) भिनभिना (स) गड़गड़ा

प्रश्न 10 - विशेषण किसे कहते हैं?

उत्तर - संज्ञा, सर्वनाम और क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं।

उदाहरण - घोड़ा तेज दौड़ता है । यहाँ 'तेज' शब्द विशेषण है ।

प्रश्न 11 - नदी के किनारे एक सीधा-सादा कबूतर पानी पी रहा था। इस वाक्य में विशेषण कौन सा है?

उत्तर - इस वाक्य में सीधा-सादा विशेषण शब्द है।

प्रश्न 12 - नीचे दिए गए एकवचन शब्दों को बहुवचन में बदलकर लिखो।

मधुमक्खी, तीर, पक्षी, नदी, पत्ता

उत्तर - मधुमक्खियाँ, तीरों, पक्षियों, नदियों/नदियाँ, पत्ते/पत्तों

प्रश्न 13 - मधुमक्खियों के छत्ते में पत्थर क्यों नहीं मारना चाहिए?

उत्तर - इनके छत्ते में पत्थर नहीं मारना चाहिए क्योंकि पत्थर लगने पर ये बिखरकर इधर-उधर उड़ने लगते हैं। उस समय ये क्रोध में किसी को भी काट लेती हैं। इनके डंक चुभने से बहुत दर्द होता है।

प्रश्न 14 - कबूतर या पेड़ का सुंदर रंगीन चित्र बनाओ।

उत्तर - बच्चे स्वयं बनाएं ।

प्रश्न 15 - अपनी पसंद के पाँच पक्षियों के नाम लिखो।

उत्तर - बच्चे स्वयं लिखेंगे ।

# पाठ - 7

## चाँद का कुरता

सही उत्तर चुनकर लिखें -

प्रश्न 1 - हम ऊनी कपड़े कब पहनते हैं?

(अ) ठंड में (ब) गर्मी में (स) बरसात में (द) हर समय

उत्तर - (अ) ठंड में

प्रश्न 2 - झिंगोला का अर्थ क्या है?

(अ) सफर (ब) झबला (स) यात्रा (द) गमछा

उत्तर - (ब) झबला

प्रश्न 3 - सफर का समान अर्थ वाला शब्द है?

(अ) हवा (ब) झिंगोला (स) यात्रा (द) राहगीर

उत्तर - (स) यात्रा

प्रश्न 4 - चाँद हमें कब दिखाई देता है?

(अ) दिन में (ब) रात में (स) दोपहर में (द) सुबह

उत्तर - (अ) रात में

प्रश्न 5 - चाँद ने माँ से किस चीज की माँग की?

(अ) झिंगोला की (ब) तारा की (स) ऊन की (द) फल की

उत्तर - (अ) झिंगोला की

प्रश्न 6 - नीचे लिखे शब्दों के अर्थ कोष्टक में से छाँटकर लिखो।

(सुंदर, ठंड से काँपकर, शरीर)

(अ) ठिठुरकर (ब) बदन (स) सलोना

उत्तर - (अ) ठंड से काँपकर (ब) शरीर (स) सुंदर

प्रश्न 7 - तुम अपनी माँ से क्या माँगते हो? दो चीजों के नाम लिखो।

उत्तर - बच्चे स्वयं लिखेंगे ।

प्रश्न 8 - पूरा गोल चाँद कब दिखता है?

उत्तर - पूरा गोल चाँद पूर्णमासी के दिन दिखाई देता है।

प्रश्न 9 - चाँद पर आधारित किन त्यौहारों को मनाया जाता है?

(क) कार्तिक मास की अमावस्या को

(ख) फागुन की पूर्णिमा को

(ग) सावन की पूर्णिमा को

उत्तर - (क) दीपावली

(ख) होली

(ग) रक्षा बंधन

प्रश्न 10 - अगर चींटी और हाथी के लिए झबला बनवाया जाए, तो क्या बन पाएगा?

उत्तर - नहीं बन पाएगा क्योंकि चींटी बहुत छोटी है और हाथी बहुत ही बड़ा।

प्रश्न 11 - नीचे लिखे शब्दों के उल्टे अर्थ वाले शब्द बताओ और एक-एक वाक्य बनाओ।

(क) जाड़ा (ख) मोटा (ग) रात (घ) बड़ा (ड.) दूर

उत्तर - (क) जाड़ा - गर्मी,

वाक्य - गर्मी बहुत बढ़ गई है।

(ख) मोटा - पतला

वाक्य - मैं बहुत पतला हूँ ।

(ग) रात - दिन

वाक्य - दिन में सूरज निकलता है।

(घ) बड़ा - छोटा

वाक्य - चूहा बिल्ली से छोटा है।

(ड.) दूर - पास

वाक्य - मेरे पास आम है।

प्रश्न 12 - क्रिया किसे कहते हैं?

उत्तर - जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का ज्ञान होता हैं, उन्हें क्रिया कहते हैं।

प्रश्न 13 - नीचे लिखे वाक्यों में क्रिया शब्दों को चुनकर लिखो।

(क) मैं अपने दोस्त को किताब दूंगा।

(ख) दर्जी कपड़ा सिलाई कर रहा था।

(ग) माँ पुस्तक पढ़ रही है।

उत्तर - (क) दूंगा

(ख) सिल रहा था।

(ग) पढ़ रही है।

प्रश्न 14 - नीचे दिए गए शब्दों को शुद्ध करके लिखो।

जादु, दीखलाई, कुसल, मौसिम, आसमन

उत्तर - जादू, दिखलाई, कुशल, मौसम, आसमान

प्रश्न 15 - चाँद, तारे का चित्र बनाओ।

उत्तर - बच्चे स्वयं बनाएँगे ।

## पाठ - 8

## चलव खेलबो (छत्तीसगढ़ी)

प्रश्न 1- तुँहर मन खेलई म जादा लगथे के पढ़ई म ?

उत्तर- मोर मन खेलई म जादा लगथे ।

प्रश्न 2- अपन पसंद के कोनो दु ठन खेल के नाँव लिखव ?

उत्तर- अटकन बटकन, छुपा छिपी ।

प्रश्न 3 - तुमन अपन विद्यालय म कउन - कउन खेल खेलथव ?

उत्तर - खो-खो, कबड्डी, फुगड़ी, दऊड़ ।

प्रश्न 4 - खाल्हे लिखाय वाक्य ल हिंदी भाषा म लिखव ?

(अ) हमन ल रोज खेल खेलना चाही ।

उत्तर- लइका मन प्रश्न के उत्तर स्वयं लिखही ।

(ब) खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है।

उत्तर- लइका मन प्रश्न के उत्तर स्वयं लिखही ।

(स) खेल खेलने से हममें अनुशासन आता है।

उत्तर- लइका मन प्रश्न के उत्तर स्वयं लिखही ।

प्रश्न 5 - अपन बोली म एक ठन खेल गीत लिखव ?

उत्तर - अटकन-बटकन दही चटाका ।
लउहा लाटा बन में काँटा ।
सावन मा बुंदेला पाके,
पाका-पाका बेल खाबो ।
बेल के डारा टूट गे,
भरे कटोरा फूट गे ।
चल-चल बेटी गंगा जाबो ।
गंगा ले गोदावरी।
आठ नाँगा पागा,
गोलार सिंग राजा ।

प्रश्न 6 - लइका मन पहिली का खेलिन ?

उत्तर - लइका मन पहिली अँधियारी-अँजोरी खेल खेलिन ।

प्रश्न 7 - अँधियारी-अँजोरी खेल कइसे खेले जाथे ?

उत्तर - दाम देवइया लइका अँधियारी करथे त सब्बो लइका अँधियारी म खड़े हो जाथे अउ जब ओहर अँजोरी कइथे त सब्बो लइका मन उही कोती रेंग देथे जिहाँ अँजोरी हवय अउ जेन लइका नियम के पालन नइ करय तब ओला दाम देवईया लइका दउड़ के छू देथे अउ फेर वोहर दाम दिये बर तियार हो जाथे ।

प्रश्न 8 - फुगड़ी ल कइसे खेले जाथे ?

उत्तर - फुगड़ी खेल म एक बेर म एक झिन या एक झिन ले जादा खेलइया लइका उखड़ू बइठ के बारी-बारी ले अपन दायाँ अउ बायाँ हाथ अउ पैर ल आगू फेंकत अउ पाछु लाथे । फुगड़ी खेल ल अइसने खेले जाथे ।

प्रश्न 9 - अटकन-बटकन के खेल कइसे खेले जाथे ?

उत्तर - इही खेल म भाग लेवइया खिलाड़ी मन भुइंया म बइठ के अपन दुनों हथेली ल पट रखथे अउ फेर एक खिलाड़ी ह अटकन-बटकन दही चटाका गीत ल गावत-गावत ओखर एकक ठन बोल म एकक हथेली ल अपन तर्जनी अंगरी (अंगूठा के पास वाली) म छुवत जाथे अउ जेन हथेली म आखरी बोल आथे ओला हटा देथे अउ फेर इही गीत ल अइसने दुहराथे ।

प्रश्न 10 - खेल म हार जाए तो तुमन ल कइसे लागथे ? ओतका बेरा तुमन का सोचथव ?

उत्तर - खेल म हारे ले हमन ल अब्बड़ खराब लगथे त ओ समे हमन ये सोचथन के आगू बेरा हमन जरूर जीतबोन ।

प्रश्न 11 - खेल म तुमन जीत जाथव त तुमन ल कइसे लागथे ? ओ समे म तुमन का सोचथव ?

उत्तर - खेल म जब हमन जीत जथन त हमन ल अब्बड़ बने लागथे । ओ समे हमन ल अइसन लागथे के हमन हरदम जीततेन ।

प्रश्न 12 - खेल खेलत बेरा जीत-हार जादा महत्तम के होथे के खेलइ ? कारण बताव।

उत्तर- खेल खेलई म जीतई अउ हरई के जादा महत्तम नई हवय बलकुन बढ़िया खेलई के जादा महत्तम हवय काबर बढ़िया खेलई ले हमन आगू तरक्की कर सकन ।

प्रश्न 13 - तुमन ल खेल खेलई काबर बढ़िया लागथे ? सोचव ।

उत्तर - खेल खेलई म हमन ल मजा आथे । अउ तन-मन तको बने हो जाथे अउ स्वस्थ रईथन । बड़े होके हमन बढ़िया खिलाड़ी बन सकथन अउ देश के शान ल बढ़ा सकथन । एखर सेती खेलना हमन ल बने लागथे ।

प्रश्न 14 - खाल्हे लिखाय शब्द के जइसे दू-दू शब्द लिखव -

अटकन, खेलई, जाथव, बेरा

उत्तर -
1. अटकन - बटकन, चटकन
2. खेलई - मेलई, पेरई
3. जाथव - आथव, खाथव
4. बेरा - डेरा, पेरा

प्रश्न 15 - खाल्हे लिखाय शब्द मन के उलटा अर्थ वाला शब्द लिखव ?

अँजोरी, रतिया, हरू, पातर नवा

उत्तर-

| शब्द | उल्टे अर्थ वाले शब्द |
|---|---|
| 1. अँजोरी - | अँधियारी |
| 2. रतिया - | बिहिनिया |
| 3. हरू - | गरु |
| 4. पातर - | मोट्ठा |
| 6. नवा - | जुन्ना |

प्रश्न 16 - खाल्हे म लिखाय वाक्य मन के खाली जघा म ओहा, ओहर, ओला, ओखर शब्द लिखव । जैसे : - वाक्य - रीता, अटकन-बटकन खेलत रिहिस ।

1. ........................ अपन हथेली ल भुइयाँ म मड़इस।

2. ......................... पहिली बेर एला खेलत रिहिस ।

3. ......................... खेले बर नई आवत रिहिस ।

4. .......................... हथेली घलोक पुक गे।

उत्तर - 1. ओहर 2. ओहा 3. ओला 4. ओखर

प्रश्न 17 - खाल्हे शब्द मन के मायने नइ लिखे है। ओखर मायने कोष्टक ले छाँट के लिखव ।

(पंजा के भार, माड़ी मोड़ के बइठई, चिल्लई, खेल ल आगू बढ़ाना)

1. दाम देना ...................... 2. उखरू ........................

3. गोहार.......................... 4. पालथी ......................

उत्तर - 1. खेल ल आगू बढ़ाना 2. पंजा के भार

3. चिल्लई 4. माड़ी मोड़ के बइठई

प्रश्न 18 - खाल्हे म लिखाय शब्द मन ल पढ़व अउ छाँट के डिब्बा म लिखव ।

चमेली, ओला, सुग्घर, चौरस, बड़, थोरिक, मँय हा, ओखर, तँय हा, गंगा, बबलू, डंडा

उत्तर -

| क्र. | संज्ञा | सर्वनाम | विशेषण |
|---|---|---|---|
| 1. | चमेली | ओला | सुग्घर |
| 2. | गंगा | मँय हा | चौरस |
| 3. | बबलू | ओखर | थोरिक |
| 4. | डंडा | तँय हा | बड़ |

प्रश्न 19. तुमन ल जेन खेल पसंद हवय ओखर बारे म आठ ठन वाक्य लिखव ?

उत्तर - लइका मन अपन पसंद के खेल के बारे म लिखही ।

प्रश्न 20. घर के भीतरी अउ घर के बाहिर म खेल खेलई के सूची बनावव ।

उत्तर- लइका मन स्वयं उत्तर लिखही ।

## पाठ - 9

## आदिमानव

सही उत्तर चुनकर लिखें -

प्रश्न 1 - आदिमानव कहाँ रहते थे?

(अ) शहर में (ब) गाँव में (स) जंगल में (द) घर में

उत्तर - (स) जंगल में

प्रश्न 2 - आदिमानव क्या खाते थे?

(अ) सब्जी (ब) अनाज (स) कच्चा माँस (द) फल

उत्तर - (स) कच्चा माँस

प्रश्न 3 - इनमें से कौन-सी चीज कंदमूल है?

(अ) केला (ब) शकरकंद (स) चावल (द) आम

उत्तर - (स) शकरकंद

प्रश्न 4 - आग जलाना सीखने पर आदि मानव को क्या लाभ हुआ?

उत्तर - (अ) माँस भूनकर खाने लगे

(ब) आग जलाकर आदि मानव जानवरों से अपनी रक्षा करने लगे।

प्रश्न 5 - आदिमानव ने खेती करना कैसे सीखा?

उत्तर - आदिमानव फलों को खाकर उनके बीज फेंक देते थे। उनसे उगे पौधों को देखकर खेती करना सीखा।

प्रश्न 6 - आदिमानव ने किन-किन चीजों की खोज की?

उत्तर - (1) आग की (2) पत्थरों के हथियार की

(3) खेती की (4) पहिए की

(5) लोहे, पीतल के हथियार एवं बर्तन बनाने लगे

(6) गुफाओं में चित्रकारी

प्रश्न 7 - आदिमानव ने हथियार बनाना क्यों सीखा ?

उत्तर - आदिमानव ने जानवरों से अपनी सुरक्षा करने के लिए हथियार बनाना सीखा।

प्रश्न 8 - यदि आग की खोज नहीं हुई तो तुमको क्या-क्या परेशानी होती?

उत्तर - (1) भोजन पका नहीं पाते

(2) रात में उजाला कर नहीं पाते

प्रश्न 9 - नीचे दिए गए शब्दों का प्रयोग करके एक-एक वाक्य बनाओ ?

आग, जंगल, आश्चर्य , इकट्ठा, झुंड

उत्तर -

| | | |
|---|---|---|
| आग | - | जंगल में आग लग गई। |
| जंगल | - | जंगल में शेर रहता है। |
| आश्चर्य | - | मुझे आश्चर्य हुआ। |
| इकट्ठा | - | सभी बच्चे इकट्ठे हुए। |
| झुंड | - | हिरण झुंड में रहते हैं। |

प्रश्न 10 - दायीं ओर कुछ नाम लिखे हैं और बाँयी ओर उनकी विशेषता बताने वाले शब्द। इनकी सही जोड़ी बनाओ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. हजारों | - | मानव |
| 2. कच्चा | - | लोग |
| 3. आदि | - | माँस |
| 4. एक | - | वर्ष |
| 5. लाखों | - | जंगल |
| 6. घने | - | समय |

उत्तर -

| | | |
|---|---|---|
| 1. हजारों | - | वर्ष |
| 2. कच्चा | - | माँस |
| 3. आदि | - | मानव |
| 4. एक | - | समय |
| 5. लाखों | - | लोग |
| 6. घने | - | जंगल |

## पाठ - 10

## चुहिया की शादी

सही उत्तर चुनकर लिखें -

प्रश्न 1 - चुहिया किसकी गोद में गिरी?

(अ) सूर्यदेव (ब) ऋषि (स) पवनदेव (द) राजा

उत्तर - (ब) ऋषि

प्रश्न 2 - चुहिया कैसा वर चाहती थी?

(अ) शक्तिशाली (ब) कमजोर

(स) अत्यंत शक्तिशाली (द) साधारण

उत्तर - (स) अत्यंत शक्तिशाली

प्रश्न 3 - वर को ढूँढने ऋषि सबसे पहले किसके पास गए?

(अ) बादल (ब) सूर्यदेव (स) पर्वतराज (द) पवनदेव

उत्तर - (ब) सूर्यदेव

प्रश्न 4 - ऋषि ने चुहिया का विवाह किसके साथ किया?

(अ) बादल (ब) चील (स) चूहा (द) सूर्यदेव

उत्तर - (स) चूहा

प्रश्न 5 - पर्वतराज कौन है?

(अ) हिमालय (ब) ऋषि (स) बादल (द) पवनदेव

उत्तर - (अ) हिमालय

प्रश्न 6 - शक्तिशाली के समान अर्थ वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) आभारी (ब) ताकतवर (स) मुहुर्त (द) बल

उत्तर - (स) ताकतवर

प्रश्न 7 - ऋषि ने सबसे अधिक शक्तिमान किसे माना?

उत्तर - ऋषि ने सबसे अधिक शक्तिमान सूर्य को माना।

प्रश्न 8 - सूर्यदेव ने बादल को अपने आप से शक्तिमान क्यों बताया?

उत्तर - बादल जब चाहे तब सूर्य का प्रकाश रोक लेने के कारण सूर्यदेव ने बादल को अपने आप से शक्तिमान बताया।

प्रश्न 9 - बादल ने हिमालय पर्वत को अपने आप से शक्तिमान क्यों बताया?

उत्तर - बादल ने बताया कि पर्वतराज हिमालय आसानी से मेरा मार्ग रोक लेता है, इसलिए बादल ने हिमालय पर्वत को अपने आप से शक्तिमान बताया।

प्रश्न 10 - हिमालय ने चूहे को अपने से ज्यादा शक्तिशाली क्यों बताया?

उत्तर - हिमालय ने बताया कि चूहे मेरे अंदर अपने रहने के लिए बिल बना लेते हैं इसलिए वे मुझसे ज्यादा शक्तिशाली हैं।

प्रश्न 11 - तुम्हारे विचार से संसार में सबसे शक्तिशाली कौन है और क्यों?

उत्तर - बच्चे स्वयं करेंगे।

प्रश्न 12 - नीचे लिखे वाक्यों को कहानी के क्रम के अनुसार लिखो।

(क) ऋषि अपनी पुत्री को लेकर सूर्यदेव के पास पहुँचे।

(ख) चुहिया चार-छः दिन में ठीक हो गए।

(ग) ऋषि ने एक मोटे-तगड़े चूहे से चुहिया का विवाह कर दिया।

(घ) पर्वतराज बोले 'ऋषिवर, आप मेरे यहाँ पधारे, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ ।'

(ड.) बादल ने कहा, 'मुझसे अधिक शक्तिशाली पर्वतराज है ।'

उत्तर - (ख), (क), (ड.), (घ), (ग)

प्रश्न 13 - नीचे लिखे शब्दों के जोड़ों में से सही शब्द चुनकर लिखो।

आस्रम/आश्रम, पर्वत/पव्रत, ग्यान/ज्ञान

उत्तर - आश्रम, पर्वत, ज्ञान

प्रश्न 14 - नीचे दिए वाक्यों के खाली स्थानों में 'में' 'को' 'से' उचित शब्द का प्रयोग कर वाक्य पूरा करो।

(क) उनकी गोद ............. एक चुहिया आ गिरी।

(ख) ऋषि चुहिया .......... लेकर सूर्य के पास गए।

(ग) हिमालय आसानी ............ मेरा मार्ग रोक लेता है।

उत्तर - (क) में (ख) को (ग) से

प्रश्न 15 - नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलो?

हिरणी, लड़की, बिल्ला


उत्तर - हिरण, लड़का, बिल्ली

प्रश्न 16 - ऐसे तीन शब्द लिखो जिनके लिंग नहीं बदलते?

उत्तर - कॉपी, पलंग, बादल

प्रश्न 17 - नीचे एक बंदर के बारे में कुछ बातें लिखी गई हैं। इनके आधार पर एक कहानी बनाओ।

जामुन का पेड़ — नदी का पानी पीता था



घायल हो गया — रोहन घूमने गया

उत्तर - बच्चे अपनी-अपनी समझ के अनुसार लिखेंगे।

## पाठ - 11

## दादा जी

सही उत्तर चुनकर लिखें -

प्रश्न 1 - विक्की के घर कौन-सा उत्सव मनाया जा रहा था?

(अ) दादाजी का जन्म दिन (ब) विक्की का जन्म दिन

(स) माँ का जन्म दिन (द) पिताजी का जन्म दिन

उत्तर - (ब) विक्की का जन्मदिन

प्रश्न 2 - दादाजी अंदर क्या कर रहे थे?

(अ) मिठाई खा रहे थे। (ब) फल खा रह थे।

(स) सो रहे थे। (द) घूम रहे थे।

उत्तर - (अ) मिठाई खा रहे थे।

प्रश्न 3 - विक्की ने दादाजी को कौन-सी मिठाई खिलाई?

(अ) बरफी (ब) पेड़ा

(स) रसगुल्ला (द) गुलाब जामुन

उत्तर - (स) रसगुल्ला

प्रश्न 4 - 'लेटर बॉक्स' का अर्थ क्या है?

(अ) पत्र-पेटी (ब) लिफाफा (स) पोस्ट कार्ड (द) चिट्ठी

उत्तर - (अ) पत्र-पेटी

प्रश्न 5 - बस्ता का बहुवचन रूप कौन-सा है?

(अ) बस्तियाँ (ब) बस्तियों (स) बस्ते (द) बस्ती

उत्तर - (स) बस्ते

प्रश्न 6 - विक्की हैरान क्यों हो गया?

उत्तर - अपने घर के सामने लगे भीड़ को देखकर विक्की हैरान हो गया।

प्रश्न 7 - विक्की ने दादाजी की सहायता क्यों की?

उत्तर - दादाजी ने विक्की की सहायता कई बार की थी। छमाही परीक्षाफल के समय पापा की मार से बचाया था। गणित पढ़ाने को भी कहा था।

प्रश्न 8 - नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखो।

(अ) रूआँसी (ब) टक-टकी लगाकर देखना (स) यथा स्थान

उत्तर - (अ) रोने जैसी (ब) बगैर पलकें झपकाए देखना (स) उचित जगह

प्रश्न 9 - विक्की ने दादाजी की कौन-सी बात सबसे छुपाई थी?

उत्तर - दादाजी के मिठाई खाने की बात विक्की ने सबसे छुपाई थी।

प्रश्न 10 - सही शब्द चुनकर लिखो?

(क) परीक्षा/परिक्षा (ख) आंचल/आँचल (ग) चींता/चिंता

उत्तर - (क) परीक्षा (ख) आँचल (ग) चिंता

प्रश्न 11 - इन वाक्यों को ठीक करो।

(क) दादाजी तौलिए मुँह पोंछा।

(ख) पहाड़ी गाँवों बाघ डर बना रहता है।

(ग) धूप बैठकर चना खाया।

उत्तर - (क) दादाजी ने तौलिए से मुँह पोछा।

(ख) पहाड़ी गाँवों में बाघ का डर बना रहता है।

(ग) धूप में बैठकर चना खाया।

प्रश्न 12 - तुम अपना जन्मदिन कब और कैसे मनाते हो ? पाँच वाक्य में लिखो ।

उत्तर - बच्चे अपने अनुसार लिखेंगे।

प्रश्न 13 - अपने दादा/दादी/नाना/नानी/अन्य के बारे में पाँच वाक्य लिखो।

उत्तर - बच्चे स्वयं लिखेंगे ।

## पाठ - 12

## हाथी

सही उत्तर चुनकर लिखें -

प्रश्न 1 - सूपा जैसे कान किस पशु के होते हैं?

(अ) गधा (ब) गाय (स) हाथी (द) ऊँट

उत्तर - (स) हाथी

प्रश्न 2 - हाथी के नवजात बच्चे (शिशु) की ऊँचाई कितनी होती है?

(अ) तीन मीटर (ब) दो मीटर

(स) एक मीटर (द) चार मीटर

उत्तर - (स) एक मीटर

प्रश्न 3 - हाथी के नवजात शिशु का वजन कितना होता है?

(अ) 80 किलोग्राम (ब) 90 किलोग्राम

(स) 100 किलोग्राम (द) 70 किलोग्राम

उत्तर - (ब) 90 किलोग्राम

प्रश्न 4 - सबसे लंबी नाक कौन-सी पशु की होती है?

(अ) हाथी (ब) बंदर (स) भालू (द) घोड़ा

उत्तर - (अ) हाथी

प्रश्न 5 - तीन फीट लंबे दाँत किसके होते हैं?

(अ) हथनी (ब) हाथी

(स) नवजात शिशु (हाथी) (द) युवा हथनी

उत्तर - (ब) हाथी

प्रश्न 6 - शरीर पर धूल डालने का काम हाथी का कौन-सा अंग करता है?

(अ) कान (ब) दाँत (स) सूँड (द) पैर

उत्तर - (स) सूँड

प्रश्न 7 - जंगली हाथी का स्वभाव कैसा होता है?

(अ) दयालू (ब) खूँखार (स) डरपोक (द) चालाक

उत्तर - (ब) खूँखार

प्रश्न 8 - जुगाली का अर्थ क्या है?

(अ) खाना खाना

(ब) खाने को पेट से मुँह में वापस लाकर उसे फिर से चबाना

(स) चुगली करना

(द) फिर से खाना

उत्तर - (ब) खाने को पेट से मुँह में वापस लाकर उसे फिर से चबाना

प्रश्न 9 - हाथी को खाने में क्या पसंद है?

(अ) गन्ना (ब) नारियल (स) केला (द) चावल

उत्तर - (अ) गन्ना

